लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 110

18 नवंबर, 2019 को उत्तर के लिए

पंजाब में इस्पात उद्योग

110. डॉ अमर सिंहः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि मंडी गोबिंदगढ़, पंजाब, देश के सबसे पुराने इस्पात निर्माण केंद्रों में से एक है और यह पंजाब में स्थानीय और आप्रवासी मजदूरों दोनों का एक प्रमुख नियोक्ता है और यह विभिन्न आंतरिक और बाहरी कारकों के कारण संघर्ष कर रहा है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त उद्योग के पुनरुद्धार के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) और (ख): जी हाँ। सरकार ने इस्पात क्षेत्र में स्वदेशी माँग बढ़ाने के लिए विभिन्न सुधारात्मक उपाय किए हैं, जिनमें अन्य के साथ-साथ एंटी डंपिंग शुल्क लगाना, सेफगार्ड शुल्क लगाना जैसे कारोबारी उपाय शामिल हैं। साथ ही, गुणवत्ता नियंत्रण आदेश जारी किए गए हैं जिसके द्वारा सभी इस्पात उत्पादों और आयातों के संबंध में बीआईएस मानकों के उपयोग को अनिवार्य बनाया गया है; सरकारी खरीद में स्वदेश में निर्मित लौह और इस्पात उत्पादों के उपयोग को वरीयता देने की नीति को अधिसूचित किया गया है जो स्वदेशी मूल्यवर्धन को सुविधाजनक बनाती है; तथा इस्पात क्षेत्र में दीर्घकालीन विकास को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से राष्ट्रीय इस्पात नीति, 2017 को अधिसूचित किया गया है।

*****